MP News: आदिवासी महिला को आग लगाने के मामले में गुना प्रशासन को NCST का नोटिस, कार्रवाई का ब्यौरा मांगा

Published by: Updated Tue, 05 Jul 2022 01:44 PM IST

सार

85 Followers गुना

मध्य प्रदेश के गुना जिले में भूमि विवाद में आदिवासी महिला को आग लगाने के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने गुना के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है।

फाइल फोटो

गुड मॉर्निंग, खास आपके लिए

#शेयर बाजार का हाल #आज का अखबार #आज का राशिफल

#आज का अंक ज्योतिष #वेब स्टोरीज़ #न्यूज ब्रीफ

मध्य प्रदेश के गुना जिले में भूमि विवाद में आदिवासी महिला को आग लगाने के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने गुना के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है।

जानकारी के अनुसार, सहरिया जनजाति से संबंधित 38 वर्षीय महिला, एक विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह, और उसके पति ने स्थानीय पुलिस से अपनी जान को खतरा होने की शिकायत की थी, दावा किया था कि कुछ दबंद लोग धनोरिया गांव में उनकी जमीन हड़पना चाहते हैं। उसने दावा किया कि उसके गांव के तीन लोगों ने उस पर डीजल डाला और शनिवार को उसे आग लगा दी। महिला भोपाल के एक अस्पताल में 80 फीसदी जल गई है और जिंदगी की जंग लड़ रही है।

घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए एनसीएसटी ने सोमवार को गुना के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर मामले की विस्तृत जानकारी मांगी है। भारतीय दंड संहिता और अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को गिरफ्तार करने और आरोप पत्र दाखिल करने के लिए की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी मांगी। आयोग ने यह भी जानना चाहा कि क्या पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक राहत दी गई है।

बता दें, गुना जिले के बमोरी थाना इलाके के धनोरिया गांव में एक आदिवासी महिला को कुछ लोगों ने जिंदा जलाने की कोशिश की थी। आरोपियों ने खेत पर काम कर रही महिला के ऊपर डीजल डालकर उसमें आग लगा दी, जिससे महिला 70 से 80 फीसदी झुलस गई है। फिलहाल महिला का इलाज भोपाल में जारी है।

और पढ़ें...

- प्रदेश में 98 नए पॉजिटिव मिले, भोपाल में एक मरीज की मौत
- मानूसन में कॉर्न से बनी डिशेज का लें जायका
- कलेक्टर-एसपी ने लिया कुबेरेश्वर धाम की व्यवस्थाओं का जायजा, बुधवार से शिव महापुराण होगा शुरू
- भ्रष्टाचार के आरोप में पवई जनपद सीईओ निलंबित, जिला पंचायत निवाड़ी में लाइन अटैच

आपकी प्रतिक्रिया क्या है? 1 वोट

Powered by Vuukle

Happy	Excited	Sad	Angry	Unmoved	Amused
0%	0%	0%	100%	0%	0%

टिप्पणी लिखें

Vuukle जोड़ें गोपनीयता

Vuukle

ये भी पढ़ें...